इंस्टाग्राम पर नेगेटिव कमेंट्स से प्रभावित होती हैं जैकलीन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस का कहना है कि वह एक संवेदनशील व्यक्ति हैं और सोशल मीडिया पर नकारात्मक टिप्पणियां उन्हें प्रभावित करती हैं। कलर्स इन्फिनिटी के बिएफएफ विद वोग-सीजन 3 में कार्तिक आर्यन के साथ आईं जैकलीन ने इस बारे में बात की। जैकलीन ने कहा, मुझे इंस्टाग्राम पर अपने फैन्स से बेहद प्यार है, लेकिन अगर उनमें से कोई एक कुछ कह देता है तो मुझे लगता है कि इन्होंने ऐसा क्यों कहा जब शो की मेजबान नेहा धूपिया ने उनसे पूछा कि क्या ये सारी चीजें उन्हें प्रभावित करती है तो जैकलीन ने इसे स्वीकारते हुए कहा, मैं बहुत सेंसेटिव हूं और मुझे बुरा लगता है। इन सबसे मैं प्रभावित होती हूं क्योंकि ऐसा महसूस होता है कि उस व्यक्ति पर शायद मेरा बहुत ही नकारात्मक प्रभाव है, लेकिन क्यों, मैंने किया क्या है जैकलीन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी एक्टिविटी के बारे में अपने फैन्स को अपडेट करती रहती हैं। जैकलीन के इंस्टाग्राम पर 2.8 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और ट्वीटर पर 1.3 करोड़ के ऊपर फॉलोअर्स हैं।

बोल्ड अवतार में दिखीं अथिया शेट्टी, सोशल मीडिया पर हो रही है खूब चर्चा

बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी अपनी एक तस्वीर की वजह से सुर्खियों में हैं. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर आज अपनी एक बहुत ही बोल्ड तस्वीर पोस्ट की है. इस तस्वीर में वो व्हाइट ड्रेस में बहुत ही ग्लैमरस और हॉट नज़र आ रही हैं.

उनके फैंस को ये तस्वीर काफी पसंद आ रही है. इसी वजह से आज इंटरनेट पर अथिया की खूब चर्चा हो रही है.

बता दें कि सुनील शेट्टी की बेटी अथिया को सलमान खान ने 2015 में फिल्म %हीरो% से लॉन्च किया था. इस फिल्म में अथिया के साथ सूरज पंचोली थे. ये फिल्म कुछ खास नहीं चल पाई थी. इसके बाद ये एक्ट्रेस 'मुबारकां' में अर्जुन कपूर और अनिल कपूर जैसे सितारों के साथ नज़र आईं थीं.

अथिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अपने फैंस को लगातार अपडेट्स देती रहती हैं. अक्सर ही अथिया अपने ग्लैमरस अवतार की वजह से चर्चा में रहती है.

अब अथिया शेट्टी फिल्म 'मोतीचूर चकनाचूर' में नज़र आएंगी. इसमें उनके को-एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी हैं. ये दोनों पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नज़र आने वाले हैं.

'जीजाजी छत पर हैं' की इलायची 'हिबा नवाब' ने साझा की ईद की यादें

सोनी सब के धारावाहिक 'जीजाजी छत पर हैं' में इलायची का किरदार निभा रहीं हिबा नवाब ने ईद से जुड़ी यादें और इस त्योहार की पसंदीदा चीजों के बारे में बताया है।

यह पूछे जाने पर कि आपको ईद में बनने वाला कौन-सा पकवान सबसे ज्यादा पसंद है? क्या आप खुद कुछ बनाती हैं? पर उन्होंने कहा, ''ईद के दौरान मेरा सबसे पसंदीदा पकवान हलीम बिरयानी है। साथ ही आलू और चना चाट मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। दरअसल, मेरी मां जो भी पकाती हैं, मुझे सब पसंद हैं और खासतौर से मेरे लिये मां ईद पर जो बनाती हैं।''

क्या आप खुद के लिये कुछ बनाती हैं? पूछने पर जवाब मिला, ''मुझे खुद के लिए राइस पुडिंग बनाना पसंद है और मुझे ऐसा लगता है, मैं इसमें काफी अच्छी हूं। साथ ही मैं अपने करीबियों को भी यह खिलाती हूं, उम्मीद करती हूं कि उन्हें भी यह उतना ही पसंद आ रहा होगा जितना कि मुझे पसंद है।''

आमतौर पर आप ईद किस तरह मनाती हैं? जवाब में उन्होंने कहा, ''मैं आमतौर पर ईद अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाती हूं और मेरी मां अलग-अलग तरह के पकवान बनाती हैं। इसलिए यह 30 दिनों तक उपवास रखने के बाद काफी सारा खाने के बारे में है और हां उसके बाद खुदा का शुक्रिया करने के लिए इबादत करते हैं।''

हिबा नवाब ने बचपन को याद करते हुए कहा, ''हम हमेशा नानी के घर जाते थे और वह हमें ईदी दिया करती थीं और हम बचपन में एक-दूसरे की ईदी देखा करते थे और एक-दूसरे से मुकाबला किया करते थे।''